# लोकसेवक कर्तव्यनिष्ठ होकर दायित्व निभाएं

## प्रशिक्षु अफसरों से मुलाकात के दौरान सीएम ने कहा

**प्रशासनिक संवाददाता**
**भोपाल, 13 अगस्त. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लोकसेवक ही शासन की लोक कल्याण और विकास की भावना को धरातल पर क्रियान्वित करने का माध्यम है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के विजन में सुशासन की महत्वपूर्ण भूमिका है. जनकल्याण और लोगों की उन्नति के उद्देश्य से बनी योजना और कार्यक्रमों का लाभ अंतिम छोर पर खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यह सुनिश्चित करना ही लोकसेवक का अपने कर्तव्य के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोक सेवा परीक्षा में चयनित अधिकारी, निर्भीक, नि:स्वार्थ, निरामय और कर्तव्यनिष्ठ होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें यही अपेक्षा है. साथ ही अधिकारी नवाचारों के माध्यम से व्यवस्था को अधिक प्रभावी भी बनाएं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को वर्ष 2020 और 2021 बैच के उप जिलाध्यक्षों को संबोधित कर रहे थे.



मुख्यमंत्री डॉ. यादव से प्रशासन अकादमी भोपाल में परिचयात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 27 प्रशिक्षु अधिकारी सौजन्य भेंट के लिए मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन पहुंचे. इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रशिक्षु अधिकारियों को अध्ययनशील बने रहने, सदैव सीखने की प्रक्रिया में रहने, अहंकार न करने और आचरण में सदैव मानवीय मूल्यों का समावेश बनाए रखने के लिए प्रेरित किया. उन्होंने कहा कि विनम्रता और सेवाभाव ही लोकसेवा का आधार हो. अधिकारी अपने व्यवहार और व्यक्तित्व के आधार पर ही जनसामान्य में अपनी अमिट छाप छोड़ सकते हैं.

### आज 83 लाख किसानों को 1671 करोड़ की राशि होगी अंतरित

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आरडी कॉलेज मंडला में आयोजित कृष्ण भ्राता, कृषि देवता भगवान बलराम जयंती समारोह में शामिल होंगे और मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना में प्रदेश के करीब 83 लाख किसानों के खातों में 1671 करोड़ रूपए की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित करेंगे. इसमें मंडला जिले के एक लाख 39 हजार 197 किसानों को 28.11 करोड़ रूपए की राशि अंतरित होगी. इसके साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. यादव 226.12 करोड़ रूपए की लागत के कुल 24 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करेंगे. इसमें 202.25 करोड़ रूपए के 9 कार्यों का भूमिपूजन एवं 23.87 करोड़ रूपए के 15 कार्यों का लोकार्पण होगा.

### सीएम से मिले एडमिरल त्रिपाठी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने सपत्नीक सौजन्य भेंट की. मुख्यमंत्री डॉ. यादव से एडमिरल त्रिपाठी ने विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा की. मुख्यमंत्री डॉ. यादव और एडमिरल त्रिपाठी ने तिरंगा हाथ में लेकर सभी से हर घर तिरंगा अभियान में सहभागिता करने की अपील की. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एडमिरल त्रिपाठी को निवास कार्यालय कक्ष से बड़ा तालाब के विहंगम दृश्य का अवलोकन कराया और तालाब के निर्माण एवं इतिहास की जानकारी भी दी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने त्रिपाठी को अंगवस्त्र ओढ़ाकर बाबा महाकाल मंदिर का छायाचित्र भेंट किया.



# बैरसिया में शान से निकली तिरंगा यात्रा

## नगर वासियो को देशभक्ति का दिया संदेश

**बैरसिया, 13 अगस्त. बैरसिया के पीएम श्री शासकीय सरोजिनी नायडू कन्या उच्चतर उमावि एव सांदीपनि ( सीएम राइस ) ठाकुर लाल सिह उमावि के लगभग 2 हजार छात्र छात्राओं ने एकत्रित हो डीजे पर गूंजती देशभक्ति की धुन पर हाथों में तिरंगा थाम नगर में विशाल यात्रा निकाली.**

ग्लर्स स्कूल प्राचार्य गीता जोशी व सांदीपनि स्कूल प्राचार्य हरिनारायण मिश्रा के मुताविक दोनों स्कूल के विद्यार्थियों के साथ खंड स्तरीय सरकारी महकमों के अधिकारी-कर्मचारी ओर नगर के गणमान्य नागरिको ने तिरंगा थाम देश प्रेम का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया. यात्रा में विधायक विष्णु खत्री, नपाध्यक्ष तनुश्री कुलदीप सिंह राठौड, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि कुवेर सिह गुर्जर, एसडीएम आशुतोष शर्मा, पुलिस एसडीओपी सर्वप्रिय सिन्हा, जनपद सीईओ देवेश सराठे, टीआई वीरेंद्र सेन मुख्य रूप से सामिल थे. कार्यक्रम प्रभारी दिनेश शुक्ला ने तिरंगा यात्रा को व्यवस्थित ओर सफल बनाने में महत्तपूर्ण भूमिका निभाई. यात्रा ग्लर्स स्कूल से प्रारंभ हो अंबेडकर पार्क, शांति कुंज कॉलोनी, शक्तिमान चौराहा, बसस्टैंड चौराहा, तहसील कार्यालय के सामने से निकल कार्यक्रम स्थल पहुच संपन्न हुई. यात्रा में स्कूल का स्टॉप भी सहयोगी भूमिका में अग्रणी रहा.

# न्यू मार्केट में हरछठ पूजा की रौनक

▶ संतान की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि के लिए महिलाओं ने रखा व्रत

**जूनियर रिपोर्टर**
**भोपाल, 13 अगस्त. भाद्रपद मास की कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को मनाए जाने वाले हरछठ पूजा ( हलषष्ठी व्रत ) को लेकर शहर के न्यू मार्केट में रौनक देखने को मिली. सुबह से ही महिलाएं पूजा की सामग्री खरीदने पहुंची. बाजार में पारंपरिक वस्तुओं की मांग से दुकानदारों के चेहरे खिल उठे.**

न्यूमार्केट के दुकानदार अनमोल प्रजापति ने बताया कि पूजा के लिए आवश्यक पलाश के पेड़ की डाली, मिट्टी के पात्र, मिट्टी के दीपक और सात तरह के दाने की खरीदी सबसे अधिक हुई. इसके अलावा महुआ, पसई के चावल, श्रृंगार सामग्री, भैस के दूध की भी जमकर बिक्री हुई. लोग अब फिर से पारंपरिक और पर्यावरण-हितैषी सामग्री की ओर लौट रहे है.

**महिलाओं की आस्था और परंपरा**

न्यूमार्केट में खरीदारी करती हुई सविता सिंह ने बताया कि महिलाएं अपनी संतान की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि के लिए व्रत रखती हैं. व्रत के दिन अन्न का सेवन नहीं करती और गाय का दूध-दही, लहसुन-प्याज से परहेज किया जाता है. पूजा में हल (कृषि औजार) का प्रयोग वर्जित होता है. मिट्टी के वर्तनों में ही प्रसाद बनाया जाता है. तालाब किनारे या आंगन में बने वेदी स्थल पर मां हलषष्ठी और भगवान बलराम की पूजा होती है. रंग-बिरंगे पलाश के पत्ते और सजी-धजी मिट्टी की कलशियों ने पूरे बाजार को त्योहार की रंगत से भर दिया. न्यूमार्केट इन दिनों सचमुच आस्था और परंपरा का संगम नजर आ रहा है.

### गांधी मेडिकल कॉलेज ने मनाया स्थापना दिवस

**भोपाल.** आज गांधी मेडिकल कॉलेज ने अपने स्थापना दिवस के अवसर पर गौरवपूर्ण परंपरा और सेवाभाव की 70 वर्षों की यात्रा को स्मरण किया. 1955 में स्थापित यह संस्थान, गैस त्रासदी, दंगों, महामारी, कोविड-19 सहित हर संकट की घड़ी में समाज की सेवा में अग्रणी रहा है.

स्थापना दिवस पर मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन, जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन और अलुम्नाई एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने संयुक्त रूप से गाँधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया, केक काटा और सामूहिक संवाद (सोलपार) का आयोजन किया.

# अंगदान दूसरे के जीवन में रोशनी करने जैसा अनमोल दान

## विश्व अंगदान दिवस पर कार्यक्रम में शामिल हुए शुक्ल

▶ अंगदान के प्रति जन-जागरुकता की आवश्यकता
▶ अंगदान करने वालों का किया गया सम्मान

**भोपाल, 13 अगस्त. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि भारतीय संस्कृति में अलग-अलग प्रकार के दानों को उनके महत्व के हिसाब से परिभाषित किया गया है. अंगदान कर दूसरे के जीवन में रोशनी लाना अनमोल और अमूल्य दान के बराबर है. उन्होंने कहा कि प्रदेश में अंगदान के महत्व के प्रति जन-जागरूकता लाये जाने की बेहद आवश्यकता है.**



राज्य सरकार ने हाल ही में देहदान करने वालों को गार्ड ऑफ ऑनर देने का निर्णय लिया है. उप मुख्यमंत्री शुक्ल बुधवार को भोपाल में बंसल हॉस्पिटल द्वारा आयोजित विश्व अंगदान दिवस को संबोधित कर रहे थे. इस मौके पर अंगदान करने वालों का सम्मान भी किया गया. उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि राज्य सरकार अंगदान के जरिये लोगों के जीवन को बचाने के लिये प्रतिबद्ध है.

हाल ही में पीएमश्री एयर एम्बुलेंस के माध्यम से जबलपुर से भोपाल, भोपाल से इंदौर ग्रीन कॉरीडोर बनाकर जीवन रक्षा की गई. उन्होंने अंगदान के क्षेत्र में बंसल अस्पताल के श्रेष्ठ प्रयासों की सराहना की. उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश के बड़े सरकारी अस्पतालों में काउंसलर की व्यवस्था की जायेगी, जिसके माध्यम से लोगों को अंगदान करने और शरीर पर उनके वास्तविक प्रभाव के बारे में जानकारी दी जायेगी.



# राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की 387वीं जयंती पर निकाली तिरंगा रैली

**नवभारत प्रतिनिधि**
**भोपाल, 13 अगस्त. भोपाल में राठौर क्षत्रिय एकता मंच और राठौर संघ भोपाल के संयुक्त में बुधवार को राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की 387वीं जयंती पर भव्य तिरंगा रैली निकाली गई. रैली बांसखेड़ी शाहपुरा से शुरू होकर 1100 क्वार्टर स्थित राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की प्रतिमा स्थल तक पहुंची. कार्यक्रम का संचालन उत्साह और गरिमा के साथ हुआ, जिसमें राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर के बलिदान और देशभक्ति के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया गया.**

इस अवसर पर समाजजनों ने पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ जूट के थैले वितरित किए और 'एक जीवन, एक पौधा' अभियान के तहत फलदार पौधे बांटे. लोगों को प्लास्टिक व पॉलीथिन के प्रयोग से बचने और समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने की शपथ भी दिलाई गई.

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भोपाल नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी थे, जबकि अध्यक्षता पूर्व मंत्री पी.सी. शर्मा के सुपुत्र शिवी शर्मा और प्रवक्ता विक्रम चौधरी ने की. अतिथियों ने राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया. इससे पूर्व समाज के सदस्यों ने श्रमदान कर प्रतिमा स्थल की सफाई की और गंगाजल से जलाभिषेक किया. इस मौके पर समाज ने 'एक परिवार, एक पौधा' रोपण का संकल्प लिया.

### युवा दिवस एवं हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन

**भोपाल.** स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी में स्टूडेंट एक्टिविटी कॉउंसिल एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया एवं हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत हर घर तिरंगा एवं स्वच्छता अभियान से हुई. विवि के कुलगुरु डॉ. विजय सिंह ने छात्रों को प्रधानमंत्री द्वारा अभियान हर घर तिरंगा के बारे में प्रेरणादायक संदेश दिया.

# अतिक्रमण शाखा की कार्यकारिणी का गठन

▶ नवनियुक्त सभी पदाधिकारियों का सम्मान

**नवभारत रिपोर्टर**
**भोपाल, 13 अगस्त. नगर निगम भोपाल सार्थक कर्मचारी संघ ने बुधवार को अतिक्रमण शाखा की कार्यकारिणी का गठन का कार्यक्रम आयोजित किया.**

शाखा अध्यक्ष फैज़ान उल हक ने इस मौके पर नवनियुक्त सभी पदाधिकारीयों का सम्मान और प्रशस्तीपत्र वितरित किया. टीटी नगर दशहरा मैदान में कार्यक्रम का समापन हुआ.




# 15 अगस्त को भोपाल में रूट रहेंगे डायवर्ट

▶ नगरीय यातायात पुलिस भोपाल के निर्देश जारी

**नवभारत रिपोर्टर**
**भोपाल, 13 अगस्त. राजधानी में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम का आयोजन लाल परेड मैदान पर किया जायेगा.**

नगरीय यातायात पुलिस भोपाल ने इस मौके पर शहर में रूट डायवर्सन के निर्देश जारी किये है. शुक्रवार को प्रात: 6 बजे से आवश्यकतानुसार प्रवेश, पार्किंग एवं डायवर्सन व्यवस्था की गई है.

**यातायात दबाव मार्ग**

रोशनपुरा चैराहा से गांधी पार्क, लालपरेड मैदान की ओर, डीबी मॉल तिराहे से जेल रोड, लालपरेड मैदान की ओर, लिली चैराहे से जहागीराबाद, लालपरेड मैदान की ओर मार्ग पर यातायात दबाव रहेगा.

**वैकपिक मार्ग :**

टी.टी.नगर न्यू मार्केट से रेल्वे स्टेशन, बस स्टैण्ड की ओर जाने वाली मिनी बसें एवं बड़ी बसें अपैक्स बैंक, लिंक रोड नंबर-1 से होते हुये बोर्ड ऑफिस चैराहा, प्रेस कॉम्प्लेक्स, बीएसएनएल तिराहा, ई.ओ.डब्ल्यू आफिस के सामने, केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-1, मैंदा मिल तिराहा, सुभाष नगर आरओबी ब्रिज, प्रभात चैराहा, बोगदापुल से होकर भारत टॉकीज होते हुये अपने गंतव्य स्थान तक जा सकेगी. बस स्टेण्ड, रेलवे स्टेशन से टीटी नगर, न्यू मार्केट की ओर आने वाली मिनी बसें एवं बड़ी बसें भारत टॉकीज से होते हुये पुल बोगदा, प्रभात चैराहा,सुभाष नगर आरओबी ब्रिज, मैदा मिल तिराहा, केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-1, ईओडब्ल्यू आफिस के सामने, बीएसएनएल तिराहा, प्रेस कॉम्प्लेक्स, बोर्ड आफिस चैराहे से होते हुये अपने गंतव्य स्थान तक जा सकेगी. रोशनपुरा चैराहा से बाणगंगा चैराहा-केएन प्रधान तिराहा-पुराना मछलीघर-खटलापुरा मार्ग-पीएक्यू तिराहा वाले मार्ग से आवागमन कर सकेंगे.

# द्विवर्षीय ब्राह्मण परिषद अध्यक्ष के चुनाव की हलचल तेज

**बैरसिया, 13 अगस्त. ब्राह्मण परिषद के द्वि वर्षीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रकिया जारी है. ब्राह्मण परिषद के वरिष्ठ सरंक्षक एव निर्वाचन अधिकारी हरिवल्लभ शर्मा ने बताया की परिषद के तीन प्रमुख पदों का चुनाव है. इनमे परिषद अध्यक्ष, परशुराम सेना अध्यक्ष और महिला मंडल अध्यक्ष सामिल है.**

13 अगस्त बुधवार इनके लिए नामांकन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि थी. ओर 14 अगस्त को स्वच्छा पूर्वक नामांकन वापसी की तिथि तय है. कुल 7 आवेदन प्राप्त हुए हैं.



इनमे परिषद अध्यक्ष पद हेतु चंचल पाठक, जगदीश शर्मा, अमित शर्मा, परसुराम सेना अध्यक्ष हेतु जितेंद शर्मा, विजय शर्मा, महिला मंडल अध्यक्ष हेतु नर्मिता शर्मा, रानू शर्मा ने उम्मीदवारी की है.

चुनाव की संपूर्ण प्रक्रिया संरक्षक मंडल और चुनाव समिति की ससख्त निगरानी में में चल रही है. आगामी 17 अगस्त 2025 को संरक्षक मंडल चयन या निर्वाचन प्रकिया पूरी कर समाज के तीनो अध्यक्षों की नामों की घोषणा करेगा. भविष्य में होने वाले चुनावों में यह जिम्मेदारी महिला संगठन को सौंपी जाएगी. निर्वाचन अधिकारी हरि बल्लभ शर्मा ने समाज के सभी उम्मीदवार बंधुओं से अपील की है.

**नवाचार** | देश के अपने किस्म के पहले 'कचरा कैफे' का किया गया लोकार्पण

# देश का पहला कचरा कैफे अरेरा कॉलोनी में स्थापित

**भोपाल, 13 अगस्त. महापौर मालती राय ने कहा है कि शहर की स्वच्छता के साथ ही स्वसहायता समूह की बहनों के हुनर को प्रोत्साहित कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर आत्मनिर्भर बनाना हमारा उद्देश्य है. यह विचार महापौर मालती राय ने 10 नंबर मार्केट अरेरा कालोनी में देश में अपने किस्म के पहले कचरा कैफे का लोकार्पण करते हुए व्यक्त किए. यह कचरा कैफे स्थापित करने वाला नगर निगम भोपाल देश का पहला नगर निगम बन गया है.**



महापौर राय ने कहा कि नगर निगम द्वारा बोट क्लब एवं बिट्टन मार्केट पर भी शीघ्र ही कचरा कैफे प्रारंभ किये जाएंगे. कचरा कैफे के लोकार्पण अवसर पर अपर आयुक्त देवेन्द्र सिंह चौहान, महापौर परिषद के सदस्य आरके सिंह बघेल एवं सुषमा बावीसा, पूर्व विधायक ध्रुवनारायण सिंह, जोन अध्यक्ष बाबूलाल यादव, विमलेश ठाकुर, सूर्यकांत गुप्ता, पार्षद शिखा गोहल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय व्यवसायी व नागरिकगण तथा स्वसहायता समूह की बहनें मौजूद थी.

महापौर मालती राय ने बुधवार को देर शाम अरेरा कालोनी 10 नंबर मार्केट के समीप स्थापित कचरा कैफे का लोकार्पण किया. नगर निगम द्वारा स्वसहायता समूह की बहनों के हुनर को प्रोत्साहित कर उनके आर्थिक सशक्तिकरण व आत्मनिर्भरता के उद्देश्य से एक अनूठा नवाचार करते हुए कचरा कैफे की अवधारणा को मूर्तरूप दिया गया है.

नगर निगम द्वारा स्थापित कचरा कैफे में नागरिक पुराने समाचार पत्र, मैगजीन व अन्य प्रकार की रद्दी, इलेक्ट्रिक एवं इलेक्ट्रानिक्स की अनुपयोगी वस्तुएं, पुराने कपड़े आदि देने के लिए बनाये गए एप्प को डाउनलोड करके उस एप्प पर कचरे का फोटो सेंड कर सकते है इस कचरे को घर से एकत्र कर निर्धारित दरों के आधार पर पाइंट्स देने की व्यवस्था निगम द्वारा की गई है नागरिक चाहे तो कचरा, अनुपयोगी वस्तुएं कचरा कैफे पर सीधे लाकर भी दे सकते हैं.

### प्रदेश में 99 लाख से अधिक विद्यार्थियों के बने अपार आईडी

**भोपाल.** केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय ने प्रदेश में स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के अपार (ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंड रजिस्ट्री) आईडी तैयार करने के निर्देश दिये हैं. इसका उद्देश्य 'वन नेशन-वन स्टूडेंट' के रूप में पहचान देना है. इस कार्यक्रम में प्रत्येक विद्यार्थी को एक लाइफ टाइम आईडी मिलेगी. इसके आधार पर विद्यार्थी को पूर्व प्राथमिक शिक्षा से उच्च शिक्षा तक शैक्षणिक प्रगति को ट्रैक करना आसान होगा. स्कूल शिक्षा विभाग ने अब तक करीब 99 लाख 41 हजार बच्चों की अपार आईडी तैयार कर ली हैं.


